भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 16
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 03 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

पंजाब में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष कार्यक्रम

16. श्री चरनजीत सिंह चन्नी:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पंजाब में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन कार्यक्रमों के अंतर्गत कोई विशिष्ट स्थल चयनित किए गए हैं और यदि हां, तो उनके विकास के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है; और

(ग) क्या इन स्थलों के विकास से स्थानीय समुदायों को लाभ हुआ है और यदि हां, तो इन लाभों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पंजाब राज्य में 33 संरक्षित स्मारकों/स्थलों में आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित संरक्षण और अनुरक्षण संबंधी कार्य करता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के संवर्धन के लिए विशेषकर विश्व धरोहर दिवस, विश्व धरोहर सप्ताह और विभिन्न अन्य महत्वपूर्ण अवसरों के दौरान, समय-समय पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

पर्यटन गंतव्य स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन करना मुख्यत: संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन का काम होता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान(प्रसाद)' के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वितीय सहायता प्रदान करता है और सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए हाल ही में स्वीकृत 'पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को विशेष सहायता(एसएएससीआई)- वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' योजना को मंजूरी दी गई है। इन स्कीमों के तहत परियोजनाओं को उपयुक्त परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति, योजना दिशानिर्देशों का अनुपालन, बजट की उपलब्धता आदि के आधार पर मंजूरी दी जाती है।

(ख): पिछले चार वर्षों के दौरान पंजाब राज्य में संरक्षित स्मारकों/स्थलों के संरक्षण और अनुरक्षण कार्यों के लिए आवंटित निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(राशि रू. में)

क्र.सं.	वित्त वर्ष	आवंटित राशि
1.	2020-21	80,00,000
2.	2021-22	1,50,00,000
3.	2022-23	6,53,00,000
4.	2023-24	11,00,00,000

उपर्युक्त आवंटन के अलावा पर्यटन मंत्रालय के अधीन स्वदेश दर्शन, प्रसाद स्कीम और हाल ही में स्वीकृत 'पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को विशेष सहायता- प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विश्व स्तरीय विकास' स्कीम के तहत पंजाब राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध-।** में संलग्न है।

(ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के स्मारकों में संरक्षण और विकास कार्य किए जाने से पर्यटकों के अनुभव में वृद्धि होने के साथ-साथ रोजगार के अवसरों के सृजन और वृद्धि करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी मदद मिलती है।

अनुबंध- I

लोकसभा में दिनांक 03.02.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 16 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

स्वदेश दर्शन योजना

क्रम सं.	सर्किट	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में)
1	हेरिटेज सर्किट	2018-19	आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकड़ कलां का विकास – कलानौर - पटियाला	85.32

प्रसाद योजना

क्रम सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपए में)
1	अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास	2015-16	6.40
2	चमकौर साहिब का विकास	2021-22	31.57

पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास

क्रम सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति की तिथि	स्वीकृत लागत (करोड़ रू. में)
1	एसबीएस नगर में खटकड़ कलां में शहीद -ए- आजम , सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास	26-11-2024	53.45

*****